# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक
## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 28 सितम्बर, 2021 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2021 की तिमाही बैठक 12:00 बजे श्री रजनीश कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | |
|---|---|
| 1. | श्री मयंक शर्मा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा., एचआरडी) |
| 2. | श्रीमती प्रियंका चंद्रा, भा.र.ले.से.,रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (लेखा स्कंध) |
| 3. | श्री गणेश कुमार बरनवाल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) |
| 4. | श्री राजीव रंजन कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) |
| 5. | सुश्री ऋचा गुप्ता, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (लेखापरीक्षा समन्वय एवं नौसेना/सीएस/आईडीएस) |
| 6. | श्रीमती गीता नायर, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक (सेना / बी.आर.) |
| 7. | श्री याद राम, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) |
| 8. | श्री राजबीर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (पेंशन) |
| 9. | श्री सुशील कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा- अधिकारी, प्रशा-बजट) |
| 10. | श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.- वेतन) |
| 11. | श्री अजय सेठ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समन्वय/निरीक्षण/विनियम) |
| 12. | श्री सुभाष चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, (प्रशा-भर्ती नियम एवं स्थापना) |
| 13. | श्री निहार रंजन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.) |
| 14. | श्री मुकेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.- पेंशन) |
| 15. | श्री पी.के.जैन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ईडीपी) |
| 16. | श्री वी.वी.एस. ब्रह्माजी राव, लेखा अधिकारी (प्रशा- अनुशासन एवं सतर्कता) |
| 17. | श्री शालीन शर्मा, लेखा अधिकारी (प्रशा. स्थापना-आईडीएएस) |
| 18. | श्री सुनील श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी (प्रशा. स्थापना-स.ले.अ./ प्रशा. स्थापना-अन्य) |
| 19. | श्री त्रिपुरारी शर्मा, लेखा अधिकारी (नौसेना/सीजी/निर्माणियाँ) |
| 20. | श्री हंसराज तिवारी, लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) |
| 21. | श्री प्रदीप कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशा- वेतन /टैक) |
| 22. | श्री कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव (राजभाषा) |

अन्य उपस्थिति –

1. श्रीमती रुचिता सहाय, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
2. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
3. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
4. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिये कि तिमाही समाप्त होने के पूर्व तिमाही बैठक नियमित रूप से करवाई जाए।

[कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालय]

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सरकारी कार्य हिंदी में निष्पादित करने के प्रयास किये गए। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिये नेमी प्रकृति के मसौदों का अनुवाद कर प्रयोग में लाया जाना चाहिये।

इस संबंध में उन्होंने 'ई-ऑफिस' में हिंदी में कार्य करने की सम्भावनाओं पर बल दिया। जिसके लिये उन्होंने कार्यालय के सभी कम्प्यूटरों पर हिंदी में कार्य करने की सुविधा सुनिश्चित करने के निदेश दिये।

[कार्रवाई : सूचना प्रौद्योगिकि एवं प्रणाली अनुभाग (स्थानीय)]

**मद सं. 3: मार्च, 2021 तथा जून, 2021 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने मार्च, 2021 तथा जून, 2021 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि प्रतिशतता में गिरावट न आने पाए, और जहाँ तक सम्भव हो हिंदी में कार्य निष्पादन की मात्रा और बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा चूंकि हमारा कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है अतः यहाँ पर हिंदी पत्राचार का प्रतिशत अभी निर्धारित लक्ष्य से कम है इसके लिये 'क' अथवा 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार करने के निदेश दिये।

[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 27 आशुलिपिक तथा 21 लिपिक हैं जिनमें से 17 आशुलिपिकों तथा 10 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिये कि प्रशिक्षण के लिये शेष बचे लिपिकों/आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण के प्रशिक्षण के लिये नामित किया जाये।

[(कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]

**मद सं. 5 : कार्यशाला का आयोजन:**

रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ कुल 34 वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए अगस्त 2021 माह में "वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी से सहायक निदेशक (राजभाषा) के उच्च पद के दायित्वों से संबंधित प्रशिक्षण"

विषयक दो सप्ताह का विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि संशोधित भर्ती नियम में उक्त प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिए गए विषयों में रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा संवर्ग की संरचना, तनाव प्रबंधन, केन्द्रीय सिविल सेवा(आचरण) नियमावली, वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट, सूचना का अधिकार, ई-ऑफिस, संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण, तथा अन्य विषयों के साथ-साथ राजभाषा नीति, एवं राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधान पर व्याख्यान दिये गये, जिसे प्रशिक्षणार्थियों ने बहुत लाभप्रद बताया।

अध्यक्ष महोदय ने भविष्य में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं को बेहतर बनाने के लिये प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त फीडबैक की समीक्षा पर जोर दिया।

**मद सं. 6: <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:</u>**

(क) सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 6 | 31 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 35 | |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 36 | 34 |

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि हिंदी संवर्ग के नए भर्ती नियम के अनुसार वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी से सहायक निदेशक(राजभाषा) के पद पर पदोन्नति के लिये "वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी से सहायक निदेशक (राजभाषा) के उच्च पद के दायित्वों से संबंधित प्रशिक्षण" विषयक दो सप्ताह के अनिवार्य प्रशिक्षण के बाद सहायक निदेशक (राजभाषा) के भरे गये पदों की संख्या 50% अर्थात 19 हो जाएगी।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिये कि उक्त पदोन्नति यथाशीघ्र की जाए।

**[कार्रवाई: प्रशासन-2]**

**मद संख्या: 7 <u>रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण:</u>**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 में प्रत्येक विभाग/संगठन के न्यूनतम 25% कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में मुख्यालय कार्यालय द्वारा भी अपने अधीनस्थ कार्यालयों के निरीक्षण का प्रस्ताव रखा गया है, जिस पर अनुमोदन प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी। तदनुसार, विभाग के सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों द्वारा वर्ष 2021-22 में अपने-अपने संगठन में लक्ष्यानुसार राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिये कि वर्ष 2021-22 के निरीक्षणों को किया जाए। निरीक्षण के दौरान कोविड-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन भी किया जाये।

[कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]

**मद संख्या : 8 <u>हिंदी पखवाड़े पर चर्चा :</u>**

कार्यालय में 1 सितम्बर से 14 सितम्बर, 2021 की अवधि में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यालय में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने, अधिकारियों और कर्मचारियों की हिंदी में कार्य निष्पादन में रुचि जागृत करने और हिंदी के प्रयोग की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में अधिकारियों/कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर वार्षिक प्रोत्साहन योजना (2020-21) के विजयी कार्मिकों के साथ-साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**मद संख्या : 9 <u>वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 पर चर्चा:</u>**

वर्ष 2021-22 का वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग की वैबसाइट से डाउनलोड किया गया है। इसकी सूचना सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को प्रेषित कर दी गई है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी संबंधित अपने क्षेत्र के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनिवार्य रूप से प्रयासरत रहें।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या: 10 <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :</u>**

समिति की ओर से सुझाव आया कि हिंदी में सुचारु रूप से कार्य करने के लिये हिंदी शब्दों के टेबल कैलेंडर/कैलेंडर उपलब्ध करवाये जाने चाहिये।

इसके अतिरिक्त समिति के अन्य सदस्य की ओर से फाइलों के बायीं तरफ संक्षिप्त टिप्पणियाँ द्विभाषी रूप में छपवाने का सुझाव दिया गया।

इस संबंध में राजभाषा अनुभाग ने समिति को अवगत कराया कि पूर्व में सभी अधिकारियों एवं अनुभागों को हिंदी की संक्षिप्त टिप्पणियों से संबंधित द्विभाषी टेबल कैलेंडर उपलब्ध कराया गया था जो कि अभी भी कुछ अनुभागों में है। आवश्यकतानुसार इसे और छपवाया जा सकता है या फिर इसकी सॉफ्ट कॉपी को ऑनलाइन उपलब्ध करवाया जा सकता है।

**(कार्रवाई: सूचना प्रौद्यो. एवं प्र. कक्ष एवं राजभाषा अनुभाग)**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्रवाई संपन्न हुई।

कुमार सत्यप्रिय

(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)

लेखा अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)